## Processed Q&A from: Uncategorized_questions.docx

**1.**

Question: नीचे दिए गए चित्र में प्रारंभिक स्थिति से, A और B एक भुजा की दूरी दक्षिणावर्त चलते हैं और तब विपरीत विकर्णतः (तिरछे) कोने की ओर जाते हैं, C और D एक भुजा बामावर्त चलते हैं और तब विपरीत विकर्णतः (तिरछे) कोने की ओर पहुँचते हैं। ADBC की प्रारंभिक स्थिति अब परिवर्तित हुई है -

**Options:**

A. CDAB

B. CBDA

C. DCAB

D. BCAD

Answer: CBDA

**2.**

Question: 25 छात्रों के एक सर्वेक्षण में, यह पाया गया कि 15 ने गणित लिया था, 12 ने भौतिकी और 11 ने रसायन विज्ञान लिया था, 5 ने गणित और रसायन विज्ञान लिया था, 9 ने गणित और भौतिकी लिया था, 4 ने भौतिकी और रसायन विज्ञान लिया था और 3 ने सभी तीन विषय लिये थे। उन छात्रों की संख्या ज्ञात कीजिए जिन्होंने भौतिकी और रसायन विज्ञान दोनों लिया था लेकिन गणित नहीं लिया था।

**Options:**

A. 1

B. 5

C. 4

D. 2

Answer: 1

**3.**

Question: यहाँ, एक कथन के पश्चात् तीन पूर्वधारणाएं I, II तथा III दी गई हैं। आपको कथन तथा पश्चावर्ती पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय करना है कि कौनसी पूर्वधारणा / पूर्वधारणाएं कथन में समाहित है / हैं तथा उसी के अनुरूप अपना उत्तर चुनिए।
कथन : "चलती हुई रेलगाड़ी में बाहर की ओर न झुकें।" - रेलवे के डिब्बे में एक चेतावनी।
पूर्वानुमान: 1. चलती रेलगाड़ी से बाहर की ओर झुकना खतरनाक है।
II. इस तरह की चेतावनी का प्रभाव होता है।
III. रेलवे के अधिकारियों का यह दायित्व है कि यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए।

**Options:**

A. केवल पूर्वानुमान I और II अन्तर्निहित है।

B. केवल पूर्वानुमान II और III अन्तर्निहित है।

C. I, II और III सभी पूर्वानुमान अन्तर्निहित है।

D. केवल पूर्वानुमान I और III अन्तर्निहित है।

Answer: I, II और III सभी पूर्वानुमान अन्तर्निहित है।

**4.**

Question: छः सदस्यों वाले एक परिवार में P, Q, R, S, X तथा Y। R, Y की बहन है। Q, X के पति का भाई है। S, P का पिता एवं Y का दादा है। इस परिवार में दो पिता, तीन भाई तथा एक माँ है। परिवार में कितने पुरुष सदस्य हैं?

**Options:**

A. 3

B. 4

C. 5

D. ज्ञात नहीं कर सकते

Answer: 4

**5.**

Question: यदि 20-10 का अभिप्राय 200, 8:4 का अभिप्राय 12, 6×2 का अभिप्राय 4 है और 20+5 का अभिप्राय 4 हैं, तो 100-10×1000÷1000+100×10=?

**Options:**

A. 0

B. 10

C. 1090

D. 1910

Answer: 0

**6.**

Question: दिए गए चित्र में, त्रिभुजों की संख्या बराबर है -

**Options:**

A. 28

B. 26

C. 24

D. 22

Answer: 28

**7.**

Question: लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए -

**Options:**

A. 54

B. 81

C. 135

D. 145

Answer: 81

**8.**

Question: आठ अंकों वाली संख्याएं, जिसमें सभी अंक भिन्न हो, की कुल संख्या है

**Options:**

A. $9^9$

B. $9^9/2$

C. $1^9$

D. $9^9/4$

Answer: $9^9/2$

**9.**

Question: 11 परिणामों का औसत 55 है, यदि प्रथम छः परिणामों का औसत 52 और अन्तिम छः परिणामों का औसत 57 हों, तो छठा परिणाम होगा -

**Options:**

A. 50

B. 42

C. 48

D. 49

Answer: 49

**10.**

Question: एक थैली 2 रुपये, 1 रुपये और 50 पैसे के सिक्के क्रमशः 6:7:15 के अनुपात में हैं। यदि थैली में कुल धन 1590 रुपये है, तो थैली में 50 पैसे के सिक्कों की संख्या है

**Options:**

A. 900

B. 800

C. 700

D. 600

Answer: 900

**11.**

Question: यदि किसी त्रिभुज ABC में, कोण A का समद्विभाजक AD है, AB = 8. से.मी., AC = 10 से.मी. एवं BC = 13.5 से.मी. है, तो BD का मान है -

**Options:**

A. 6 से.मी.

B. 5 से.मी.

C. 9 से.मी.

D. 4 से.मी.

Answer: 6 से.मी.

**12.**

Question: यदि $3^{2x-3} = 1/27^{x-4}$, तो x का मान है –

**Options:**

A. 1

B. 2

C. 3

D. 0

Answer: 3

**13.**

Question: यदि $|a| = |b| = |c|$ तथा a + b = c, तो a तथा b के बीच का कोण है -

**Options:**

A. $\pi/3$

B. $\pi$

C. $2\pi/3$

D. $\pi/4$

Answer: $2\pi/3$

**14.**

Question: $5 \cos\theta + 3 \cos (\theta + \pi/2) + 3$ का महत्तम मान है -

**Options:**

A. 8

B. 10

C. 11

D. 15

Answer: 8

**15.**

Question: उस वक्र का समीकरण जो बिन्दु (1,0) से गुजरता है तथा अवकल समीकरण $(1 + y^2)\, dx - xy dy = 0$ को संतुष्ट करता है, होगा -

**Options:**

A. $x^2 + y^2 = 1$

B. $x^2 - y^2 = 1$

C. $2x^2 + y^2 = 2$

D. $y^2 = 4x$

Answer: $x^2 - y^2 = 1$

**16.**

Question: एक व्यक्ति के बारे में ज्ञात है कि वह 4 में से 3 बार सत्य बोलता है। वह एक पासे को उछालता है और बतलाता है कि उस पर आने वाली संख्या 6 है। इसकी प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि पासे पर आने वाली संख्या वास्तव में 6 है।

**Options:**

A. 1/8

B. 3/8

C. 1/3

D. 5/8

Answer: 3/8

**17.**

Question: माना $f: R \rightarrow R$ इस प्रकार है कि $f(1) = 3$ और $f'(1) = 6$, तो $\lim_{x \to 0} [f(1+x)/f(1)]^{1/x} =$

**Options:**

A. 1

B. $e^{1/2}$

C. $e^2$

D. $e^3$

Answer: $e^2$

**18.**

Question: राजस्थान में छावनी मण्डल की स्थापना कहाँ की गई है?

**Options:**

A. चित्तौड़गढ़

B. भिवाड़ी

C. ब्यावर

D. नसीराबाद

Answer: नसीराबाद

**19.**

Question: राजस्थान में लोकायुक्त के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?

**Options:**

A. वह मुख्य न्यायाधीश द्वारा नियुक्त होता है।

B. वह भ्रष्टाचार एवं कुप्रशासन के मामलों पर विचार करता है।

C. उसका कार्य शिकायतों की जाँच करना है।

D. प्रथम लोकायुक्त 1973 में नियुक्त किया गया।

Answer: वह मुख्य न्यायाधीश द्वारा नियुक्त होता है।

**20.**

Question: निम्न में से कौनसे विधानसभा चुनाव में, राजस्थान विधानसभा के सदस्यों की संख्या 184 से बढ़ाकर 200 कर दी गई थी?

**Options:**

A. दूसरे विधानसभा चुनाव में

B. चौथे विधानसभा चुनाव में

C. छठे विधानसभा चुनाव में

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

Answer: छठे विधानसभा चुनाव में

**21.**

Question: भारतीय संविधान के कौनसे भाग में संघ एवं राज्य के प्रशासनिक संबंध वर्णित हैं?

**Options:**

A. भाग-11, अध्याय-3

B. भाग-11, अध्याय-2

C. भाग-11, अध्याय-1

D. भाग-19, अध्याय-2

Answer: भाग-11, अध्याय-2

**22.**

Question: गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों का सर्वेक्षण करवाना किसका दायित्व है?

**Options:**

A. उपखण्ड अधिकारी (एस.डी.ओ.)

B. खण्ड विकास अधिकारी (बी.डी.ओ.)

C. जिला रसद अधिकारी (डी.एस.ओ.)

D. सांख्यिकी अधिकारी

Answer: उपखण्ड अधिकारी (एस.डी.ओ.)

**23.**

Question: निम्न में से कौनसा कथन गलत है?

**Options:**

A. मंत्रियों की सहायता के लिए संसदीय सचिवों की नियुक्ति की जाती है।

B. राज्य सरकारें विधायकों में से संसदीय सचिवों की नियुक्ति करती रही हैं।

RajTest

C. मुख्यमंत्री संसदीय सचिव की नियुक्ति करते हैं और पद की शपथ दिलाते हैं।

D. तीसरी अनुसूची में संसदीय सचिवों के लिए शपथ या प्रतिज्ञान का प्रारूप शामिल है।

Answer: तीसरी अनुसूची में संसदीय सचिवों के लिए शपथ या प्रतिज्ञान का प्रारूप शामिल है।

**24.**

Question: राजस्थान लोकायुक्त और उपलोकायुक्त अधिनियम को राष्ट्रपति की स्वीकृति कब प्राप्त हुई?

**Options:**

A. 1973

B. 1977

C. 1983

D. 1985

Answer: 1973

**25.**

Question: 'पोपाबाई की पोल' नामक पुस्तिका किसने लिखी?

**Options:**

A. भँवरलाल सराफ

B. जयनारायण व्यास

C. आनन्दराज सुराणा

D. मथुरादास माथुर

Answer: जयनारायण व्यास

**26.**

Question: पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ERCP) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?
(i) यह परियोजना पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए बनायी गयी है।
(ii) इसमें 26 विभिन्न बड़ी एवं मध्यम परियोजनाओं के माध्यम से 2.8 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है।
(iii) नवनेरा बैराज इस परियोजना का अभिन्न हिस्सा है।
(iv) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया है।
कूट-

**Options:**

A. (i), (ii) एवं (iii)

B. (i) एवं (iii)

C. (ii) एवं (iii)

D. (i), (ii), (iii) एवं (iv)

Answer: (i), (ii) एवं (iii)

**27.**

Question: 1857 के विद्रोह का कोटा में नेतृत्व किसने किया था?

**Options:**

A. जयदयाल और मेहराब खां

B. श्रवण सिंह और जयवीर

C. राम सिंह और तख्त सिंह

D. मकबूल खां और बख्त सिंह

Answer: जयदयाल और मेहराब खां

**28.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा (राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक स्मारक - स्थल) सही सुमेलित है?

**Options:**

A. सेन्द्रा ग्रेनाईट - पोकरण (जैसलमेर)

B. अकाल वुड फॉसिल पार्क – मंडौर (जोधपुर)

C. स्ट्रोमेटोलाइट फॉसिल पार्क - तलवाड़ा (बांसवाड़ा)

D. महान सीमा भ्रंश - सतूर (बूंदी)

Answer: महान सीमा भ्रंश - सतूर (बूंदी)

**29.**

Question: 'मूसी रानी की छतरी' कहां स्थित है?

**Options:**

A. उदयपुर

B. जैसलमेर

C. अलवर

D. जोधपुर

Answer: अलवर

**30.**

Question: किस रम्मत कलाकार ने महात्मा गांधी को 'स्वतंत्र बावनी' पुस्तक भेंट की थी?

**Options:**

A. तेज कवि जैसलमेरी

B. तुलसीराम

C. फागू महाराज

D. सुआ महाराज

Answer: तेज कवि जैसलमेरी

**31.**

Question: तेरहताली नृत्य में किस लोकदेवता का यशोगान किया जाता है?

**Options:**

RajTest

A. देवनारायणजी
B. तेजाजी
C. रामदेवजी
D. पाबूजी
Answer: रामदेवजी

**32.**
Question: इन्स्टिट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन एवं वायरोलॉजी कहाँ स्थापित किया जा रहा है?

**Options:**
A. जोधपुर
B. उदयपुर
C. जयपुर
D. अलवर
Answer: जयपुर

**33.**
Question: कौनसा (आभूषण - अंग) सुमेलित नहीं है?

**Options:**
A. मूंदरी - अंगुली
B. टड्डा - बाजू
C. नेवरी - पैर
D. रमझोल कमर
Answer: रमझोल कमर

**34.**
Question: निम्न को सुमेलित कीजिए -
सूची - 1 (रामस्नेही सम्प्रदाय की शाखा)
(1) शाहपुरा
(2) सिंहथल
(3) खेड़ापा
(4) रेण
सूची - II (स्थापनाकर्त्ता)
(i) संत हरिराम दास जी
(ii) संत रामदास जी
(iii) संत दरियाव जी
(iv) संत रामचरण जी
कूट -

**Options:**
A. (1)-(iv), (2)-(i), (3)-(iii), (4)-(ii)
B. (1)-(iv), (2)-(i), (3)-(ii), (4)-(iii)
C. (1)-(i), (2)-(ii), (3)-(iii), (4)-(iv)
D. (1)-(ii), (2)-(iii), (3)-(iv), (4)-(i)
Answer: (1)-(iv), (2)-(i), (3)-(ii), (4)-(iii)

**35.**
Question: बीकानेर, जैसलमेर और चुरू राजस्थान के किस कृषि-जलवायु प्रदेश / खण्ड में सम्मिलित हैं?

**Options:**
A. अन्तः प्रवाह शुष्क खण्ड
B. पश्चिमी शुष्क मैदान
C. अति शुष्क आंशिक सिंचित
D. उत्तरी- पश्चिमी सिंचित मैदान
Answer: अति शुष्क आंशिक सिंचित

**36.**
Question: हाल ही में राजस्थान में यूरेनियम के बड़े भण्डार पाये गये हैं -

**Options:**
A. रोहिल (सीकर)
B. सलादीपुर (सीकर)
C. आनन्दपुर भुकिया (बांसवाड़ा)
D. आमेट (उदयपुर)
Answer: रोहिल (सीकर)

**37.**
Question: केसरियाजी का मेला कहाँ भरता है?

**Options:**
A. धुलेव में
B. झालरापाटन में
C. परबतसर में
D. किराडू में
Answer: धुलेव में

**38.**
Question: 'दीर्घ ज्वार' आते हैं -

**Options:**
A. केवल पूर्णिमा को
B. केवल अमावस्या को
C. पूर्णिमा और अमावस्या दोनों को
D. न तो पूर्णिमा को ना ही अमावस्या को
Answer: पूर्णिमा और अमावस्या दोनों को

**39.**
Question: राजस्थान में भूमि उपयोग (2018-19) के संदर्भ में कौनसा सुमेलित नहीं है?

**Options:**

RajTest

A. शुद्ध बोया गया क्षेत्र - 51.85%
B. वन क्षेत्र - 8.05%
C. चालू पड़त भूमि क्षेत्र - 5.22%
D. अकृषि क्षेत्र - 8.10%
Answer: अकृषि क्षेत्र - 8.10%

**40.**
Question: "स्टारगेज़िंग : द प्लेयर्स इन माई लाइफ" पुस्तक के लेखक हैं -
**Options:**
A. सुनील गावस्कर
B. रवि शास्त्री
C. सचिन तेंदुलकर
D. विराट कोहली
Answer: रवि शास्त्री

**41.**
Question: निम्नलिखित में से सुमेलित (मन्दिर स्थान) नहीं है-
**Options:**
A. सिरे मंदिर - जालौर
B. त्रिपुरा सुन्दरी माता मंदिर - तिलवाड़ा (बाड़मेर)
C. सुंधा माता मंदिर - भीनमाल (जालौर)
D. विभीषण का मंदिर - कैथून (कोटा)
Answer: त्रिपुरा सुन्दरी माता मंदिर - तिलवाड़ा (बाड़मेर)

**42.**
Question: मानगढ़ नरसंहार कब हुआ था?
**Options:**
A. 13 अक्टूबर, 1913
B. 17 नवंबर, 1913
C. 21 जनवरी, 1914
D. 23 मार्च, 1914
Answer: 17 नवंबर, 1913

**43.**
Question: पुष्कर झील कितने घाटों से घिरी है?
**Options:**
A. 42
B. 46
C. 52
D. 58
Answer: 52

**44.**
Question: पहली अखिल भारतीय टोल-फ्री वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन में 'एल्डरलाइन' का नंबर है -
**Options:**
A. 10987
B. 12468
C. 14567
D. 12345
Answer: 14567

**45.**
Question: गरासिया जनजाति में गाँव के मुखिया को क्या कहा जाता है?
**Options:**
A. मुखी
B. पटेल
C. लदवी
D. कोतवाल
Answer: पटेल

**46.**
Question: राजस्थान में पेट्रोलियम उत्पादन क्षेत्र कितने जिलों में फैला हुआ है?
**Options:**
A. 9
B. 12
C. 14
D. 16
Answer: 14

**47.**
Question: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यालय शिक्षा में 100% सकल नामांकन अनुपात प्राप्त करने का लक्ष्य है -
**Options:**
A. 2025 तक
B. 2030 तक
C. 2035 तक
D. 2040 तक
Answer: 2030 तक

**48.**
Question: निम्न में से कौनसा जयपुर का प्रथम डेजर्ट पार्क है?

RajTest

**Options:**

A. राम बाग

B. किशन बाग

C. लक्ष्मण बाग

D. हरि बाग

Answer: किशन बाग

**49.**

Question: निम्नलिखित प्रश्न में, शब्दों के चार चुनाव उनके अक्षरों को उलट-पलट करके दिए गए हैं। इनमें से तीन एक प्रकार से समान हैं और एक अलग बेमेल है। बेमेल को छांटिए -

**Options:**

A. CARFAI

B. AAIS

C. RPOUEE

D. IIADN

Answer: IIADN

**50.**

Question: यहाँ, एक घन के तीन अलंग-अलग दृश्य दिए हैं।
इन चित्रों पर आधारित निम्न प्रश्न का उत्तर दीजिए:
निम्न में से कौनसा विपरीत फलकों को इंगित करने वाला सही युग्म है?

**Options:**

A. a-d

B. d-f

C. f-e

D. b-d

Answer: a-d

**51.**

Question: एक कूट भाषा में, 'DELHI' को 'CDKGH' लिखा जाता है और 'MADRAS' को 'LZCQZR' लिखा जाता है, तो 'PATNA' की संकेत भाषा क्या होगी?

**Options:**

A. OZTMZ

B. OZSTM

C. OZSMZ

D. OZMSZ

Answer: OZSMZ

**52.**

Question: बलवंत राय मेहता समिति का संबंध है

**Options:**

A. स्थानीय स्वशासन

B. राज्य प्रशासन

C. केन्द्र राज्य संबंध

D. राजस्व सुधार

Answer: स्थानीय स्वशासन

**53.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा विषय भारत के संविधान की 11वीं अनुसूची में सूचीबद्ध नहीं है?

**Options:**

A. पशुपालन

B. गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम

C. लघु वन उपज

D. काँजी हाउस

Answer: काँजी हाउस

**54.**

Question: निम्न में से कौनसा (अनुच्छेद प्रावधान) युग्म गलत है?

**Options:**

A. अनुच्छेद 161 - राज्यपाल की क्षमादान की शक्ति

B. अनुच्छेद 167 - मुख्यमंत्री के कर्त्तव्य

C. अनुच्छेद 213 अध्यादेश प्रख्यापित करने की राज्यपाल की शक्ति

D. अनुच्छेद 165 - राज्यपाल का विशेष अभिभाषण

Answer: अनुच्छेद 165 - राज्यपाल का विशेष अभिभाषण

**55.**

Question: कॉम्पैक्ट डिस्क रिकॉर्डेबल (CD-R)....... है।

**Options:**

A. रीड ओनली डिस्क

B. राइट, इरेज, री-राइट डिस्क

C. सेमी-कंडक्टर डिस्क

D. राइट वन्स रीड मैनी (WORM) डिस्क

Answer: राइट वन्स रीड मैनी (WORM) डिस्क

**56.**

Question: IBM 1401 है -

**Options:**

A. प्रथम पीढ़ी कम्प्यूटर

B. द्वितीय पीढ़ी कम्प्यूटर

RajTest

C. तृतीय पीढ़ी कम्प्यूटर

D. चतुर्थ पीढ़ी कम्प्यूटर

Answer: द्वितीय पीढ़ी कम्प्यूटर

**57.**

Question: निम्न में से कौनसा असत्य है?

**Options:**

A. मॉनीटरिंग के लिए TCP डाटा प्रवाह सक्षम बनाता है।

B. TCP नेटवर्क संतृप्तीकरण को टालता है।

C. TCP सर्वर और क्लाइन्ट के मध्य संचार बनाता है।

D. TCP/IP मॉडल में, इंटरनेट लेयर उपयोगकर्ता के निकटस्थ है।

Answer: TCP/IP मॉडल में, इंटरनेट लेयर उपयोगकर्ता के निकटस्थ है।

**58.**

Question: निम्न में से कौनसा हाई लेवल-लैंग्वेज का एक उचित समूह है?

**Options:**

A. (COBOL, PNG, LIST)

B. (RPG, LISP, SNOBOL)

C. (C#, LPG, Python}

D. {Java, Anaconda, Snowflake}

Answer: (RPG, LISP, SNOBOL)

**59.**

Question: एम.एस. पॉवर पॉइन्ट प्रजेन्टेशन के संदर्भ में, रिक्त स्थानों को भरने के लिए उचित क्रमित युग्म है का एक प्रिन्टआउट निश्चित रूप से के लिए होता है।

**Options:**

A. हैंड-आउट्स, वक्ता

B. नोट्स, वक्ता

C. नोट्स, श्रोतागण

D. आउटलाइन्स, श्रोतागण

Answer: नोट्स, वक्ता

**60.**

Question: विश्व का प्रथम लैपटॉप कम्प्यूटर कब और किसके द्वारा मार्केट में प्रस्तुत किया गया था?

**Options:**

A. Hewlett-Packard, 1980

B. Epson, 1981

C. Laplink Traveling Software Inc, 1982

D. Tandy Model-200, 1985

Answer: Epson, 1981

**61.**

Question: एम.एस. वर्ड को शुरू करने के लिए कौनसी फाइल उत्तरदायी है?

**Options:**

A. windword.exe

B. win.exe

C. word.exe

D. wordwin.exe

Answer: winword.exe

**62.**

Question: यदि आप एम.एस. एक्सेल सेल में आज की दिनांक प्रविष्ठ करना चाहते हैं, तो आप उपयोग में लेंगे

**Options:**

A. Shift +, (कोमा)

B. Alt + . (डॉट)

C. Ctrl + ; (सेमीकॉलन)

D. Shift + Alt + D

Answer: Ctrl + ; (सेमीकॉलन)

**63.**

Question: निम्न कथनों पर विचार करें
1: एक प्रॉक्सी फायरवॉल एप्लीकेशन लेयर पर फिल्टर करती है।
II: एक पैकेट-फिल्टर फायरवॉल नेटवर्क और ट्रांसपोर्ट लेयर पर फिल्टर करती है।
उपरोक्त कथनों में से कौनसे कथन सही है/हैं?

**Options:**

A. केवल 1

B. केवल II

C. I तथा II दोनों

D. न तो 1 ना ही II

Answer: I तथा II दोनों

**64.**

Question: 1/0 सिस्टम का संचार अनुक्रम है

**Options:**

A. OS डिवाइस कंट्रोलर डिवाइस ड्राइवर 1/0 डिवाइसेज़

B. OS डिवाइस ड्राइवर → डिवाइस कंट्रोलर → 1/0 डिवाइसेज़

C. डिवाइस कंट्रोलर डिवाइस ड्राइवर 1/0 डिवाइसेज़ OS

RajTest

D. 1/0 डिवाइसेज़ OS डिवाइस ड्राइवर डिवाइस कंट्रोलर

Answer: OS डिवाइस ड्राइवर → डिवाइस कंट्रोलर → 1/0 डिवाइसेज़

**65.**

Question: किस विकल्प में सभी शब्द तत्सम हैं

**Options:**

A. जृम्भिका, तेवर, दस, दाम

B. पीत, पूर्ण, पाश, पुण्य

C. अर्ध, आज, पनहा, पाद

D. अवसर, आलस, ईख, ईंट

Answer: पीत, पूर्ण, पाश, पुण्य

**66.**

Question: निम्न में से किस शब्द का संधि-विच्छेद सही नहीं है?

**Options:**

A. आविष्कृत = आविः + कृत

B. गुर्वृण = गुरु + ऋण

C. पित्रादि = पितृ + अदि

D. अन्वेषण = अनु + एषण

Answer: पित्रादि = पितृ + अदि

**67.**

Question: अर्थ की दृष्टि से असंगत मुहावरे का चयन कीजिए

**Options:**

A. एक घाट का पानी पीना एकता और सहिष्णुता होना।

B. कमान से तीर निकल जाना – अवसर चूक जाना।

C. ऊँचे-नीचे पैर पड़ना – आँगन का समतल न होना।

D. कंधे से कंधा छिलना – अत्यधिक भीड़ होना।

Answer: ऊँचे-नीचे पैर पड़ना – आँगन का समतल न होना।

**68.**

Question: कौनसा शब्द युग्म अर्थ की दृष्टि से संगत नहीं है?

**Options:**

A. चरित्र – चरित्रा = आचरण, इमली का पेड़

B. यष्टि - याष्ठि = लाठी, मोती माला

C. निशामुख – निशामृग = नाखून, घोंसला

D. मंजरी - मंजीर = कोंपल, नूपुर

Answer: निशामुख – निशामृग = नाखून, घोंसला

**69.**

Question: पर्यायवाची शब्दों के संबंध में असंगत युग्म चुनिए

**Options:**

A. तरणी, द्रोणी, उडुप नाव

B. अंभसार, इंदुमणि, प्रवाल मोती

C. पाशहस्त, सावित्रेय, कृतांत बलराम

D. सलिलेश, क्षीरधि, अर्णव - समुद्र

Answer: पाशहस्त, सावित्रेय, कृतांत बलराम

**70.**

Question: कौनसा वाक्यांश युग्म संगत नहीं है?

**Options:**

A. जो हृदय को पिघला दे हृदयद्रावक

B. कोई काम करने की इच्छा - चरिष्णु

C. जो पहले कभी न हुआ हो- अभूतपूर्व

D. आकाश में असंख्य तारों का प्रकाश पुंज नीहारिका

Answer: कोई काम करने की इच्छा - चरिष्णु

**71.**

Question: किस विकल्प में विलोम-युग्म अनुचित है?

**Options:**

A. तामसिक - सात्विक

B. व्यक्त गृहीत

C. यौवन - वार्धक्य

D. यथार्थ – परार्थ

Answer: यथार्थ – परार्थ

**72.**

Question: निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्द अशुद्ध हैं?

**Options:**

A. अनुगृहीत, अतिथि, श्रृंगार

B. दृष्ट्व्य, दम्पति, पृथकीकरण

C. पड़ोसी, द्वारका, दुरवस्था

D. लब्ध-प्रतिष्ठ, अहर्निश, निष्प्रभा

Answer: दृष्ट्व्य, दम्पति, पृथकीकरण

**73.**

Question: कौनसा विकल्प द्वन्द्व समास का उदारहण नहीं है?

**Options:**

A. भक्ष्याभक्ष्य, पच्चीस

B. कृष्णार्जुन, कंकर-पत्थर

C. मकरध्वज, अंशुमाली

D. थोड़ा-बहुत, उचितानुचित

Answer: मकरध्वज, अंशुमाली

RajTest

**74.**

Question: 'इक् नागिन अरू पंख लगायी' उक्त लोकोक्ति का उचित भावार्थ है-

**Options:**

A. नागिन के पंख लग जाना

B. सोच-समझकर कार्य करना

C. अत्यधिक जहर चढ़ना

D. एक दोष के साथ दूसरे का जुड़ जाना

Answer: एक दोष के साथ दूसरे का जुड़ जाना

**75.**

Question: टोक्यो ओलंपिक, 2021 की पदक तालिका में भारत का कौनसा स्थान है?

**Options:**

A. 10वाँ

B. 25वाँ

C. 40वाँ

D. 48वाँ

Answer: 48वाँ

**76.**

Question: काज़िंद-21 नामक संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास किन देशों के द्वारा किया गया?

**Options:**

A. भारत-मालदीव

B. भारत-कजाकिस्तान

C. भारत-रूस

D. भारत-अमेरिका

Answer: भारत-कजाकिस्तान

**77.**

Question: किस भारतीय मूल की अमरीकी महिला अंतरिक्ष यात्री ने जुलाई, 2021 में अंतरिक्ष की यात्रा की?

**Options:**

A. सुनीता विलियम्स

B. ममता त्रिपाठी

C. सुमन ढोलकिया

D. शिरिषा बांदला

Answer: शिरिषा बांदला

**78.**

Question: सियाल, सीमा और नीफे हैं -

**Options:**

A. भूकंप तरंगें

B. पृथ्वी की परतें

C. ज्वालामुखी स्थलाकृतियाँ

D. पर्वतों के प्रकार

Answer: पृथ्वी की परतें

**79.**

Question: किस लोक नृत्य में डफली, घुरालियो, खंजरी और पुंगी वाद्ययंत्रों का प्रयोग किया जाता है?

**Options:**

A. कच्छी घोड़ी

B. कालबेलिया

C. अग्नि नृत्य

D. गैर

Answer: कालबेलिया

**80.**

Question: निम्न में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

**Options:**

A. अवनि लेखरा- भारोत्तोलन

B. अपूर्वी चंदेला निशानेबाजी

C. अर्जुन लाल जाट – नौकायन

D. देवेन्द्र झाझरिया भाला फेंक

Answer: अवनि लेखरा- भारोत्तोलन

**81.**

Question: कौनसा ज्वालामुखी क्षेत्र दस हजार धुआंरों की घाटी के नाम से जाना जाता है?

**Options:**

A. कोटोपैक्सी

B. कटमई

C. एटना

D. चिम्बोराज़ो

Answer: कटमई

**82.**

Question: निम्न में से कौनसा (मरुस्थल देश) सही सुमेलित है?

**Options:**

A. नूबियन - मैक्सिको

B. चिहुआहुआन चीन

C. अटाकामा चिली

RajTest

D. सोनोरन - ऑस्ट्रेलिया

Answer: अटाकामा चिली

**83.**

Question: निम्न में से कौनसा सही सुमेलित है?
(i) खेजड़ली आंदोलन - अमृता देवी
(ii) चिपको आंदोलन - गौरा देवी
(iii) अप्पिको आंदोलन - कर्नाटक
कूट -

**Options:**

A. (i) तथा (ii)
B. (i) तथा (iii)
C. केवल (i)
D. (i), (ii) तथा (iii)

Answer: (i), (ii) तथा (iii)

**84.**

Question: निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?
(i) पोटवार पठार पाकिस्तान में स्थित है।
(ii) पेटागोनिया का पठार एंडीज़ पर्वत की तलहटी में स्थित है।
(iii) तिब्बत का पठार हिमालय तथा कुनलुन पर्वत श्रेणी के मध्य स्थित है।
कूट -

**Options:**

A. (i), (ii) एवं (iii)
B. (i) एवं (iii)
C. केवल (iii)
D. (i) एवं (ii)

Answer: (i), (ii) एवं (iii)

**85.**

Question: 'पलाण' क्या है?

**Options:**

A. घोड़े पर रखी जाने वाली काठी
B. ऊँट पर रखी जाने वाली काठी
C. गोरबन्द का समानार्थी शब्द
D. एक लोक वाद्य यंत्र

Answer: ऊँट पर रखी जाने वाली काठी

**86.**

Question: किस गढ़ के लिए कर्नल जेम्स टॉड ने कहा था, "यदि उन्हें राजस्थान में एक जागीर की पेशकश की जाए, तो वह इस गढ़ को चुनेंगे?"

**Options:**

A. चित्तौड़गढ़
B. भैंसरोड़गढ़
C. नाहरगढ़
D. रणथम्भौर

Answer: भैंसरोड़गढ़

**87.**

Question: अंग्रेज़ों को 'मुल्क रा मीठा ठग' किसने कहा?

**Options:**

A. शंकरदान सामौर ने
B. बांकीदास ने
C. केसरी सिंह बारहट ने
D. नाथूसिंह महियारिया ने

Answer: शंकरदान सामौर ने

**88.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा आभूषण महिलाओं द्वारा नहीं पहना जाता है?

**Options:**

A. रखड़ी
B. मेमंद
C. कंडोरा
D. मोरखा

Answer: मोरखा

**89.**

Question: सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए -
सूची-1 (राष्ट्रीय पार्क)
(i) मानस राष्ट्रीय उद्यान
(ii) नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान
(iii) साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान
(iv) वायनाड वन्यजीव अभ्यारण्य
सूची-II (स्थान)
(a) कर्नाटक
(b) केरल
(c) असम
(d) तमिलनाडु
कूट-

**Options:**

A. (i)-(d), (ii)-(a), (iii)-(c), (iv)-(b)
B. (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(b)
C. (i)-(b), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(c)
D. (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(d)

Answer: (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(b)

RajTest

**90.**

Question: 'निमाड़ी एवं रागड़ी' किस बोली की उप-बोलियाँ हैं?

**Options:**

A. मेवाती

B. मारवाड़ी

C. मालवी

D. हाड़ौती

Answer: मालवी

RajTest